तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 15 जुलाई 2024



13 पालिका के पास कांजी हाउस तक नहीं सड़कों पर...





13 चित्रकोट विधायक से मिले प्रदेश शिक्षक...






## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन 19 को



**चारामा।** नगर के थानापारा वार्ड क्रमांक 5 में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन भुवनलाल कठोलिया परिवार द्वारा स्व. पुष्पा बाई के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 11 जुलाई से प्रारंभ हुआ। कथावाचक ग्राम गिरहोला निवासी पंडित दाऊलाल तिवारी के द्वारा प्रतिदिन भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। 15 जुलाई को श्री कृष्ण प्राकट्य उत्सव, 16 जुलाई को कृष्ण बाललीला एवं रूखमणी मंगल, 17 जुलाई को कृष्ण विवाह कथा एवं सुदामा चरित्र, 18 जुलाई को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा एवं शोभायात्रा निकली जाएगी। अंतिम दिवस 19 जुलाई को गीता ज्ञान, यज्ञ-हवन पूजन का आयोजन होगा।

### अवैध कब्जा के खिलाफ धरना 10वें दिन भी जारी



**दुर्गूकोंदल।** सड़क मद की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 10 वें दिन भी जारी रहा। युवा प्रभाग ने अवैध कब्जा हटाने तक धरना प्रदर्शन करने पर अड़े हुए हैं और अतिक्रमण नहीं हटाने को लेकर एसडीएम, कलेक्टर, मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायत करने बात कह रहे हैं।

### दो छात्राओं की मौत मामले की जांच करेंगे एसडीएम

**बीजापुर।** जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बीजापुर के पत्र अनुसार कन्या आवासीय विद्यालय तारलागुड़ा एवं संगमपल्ली में अध्ययनरत 2 छात्राओं की मृत्यु मलेरिया बीमारी के संक्रमण होना प्रतिवेदित किया गया है।

# आषाढ़ में अकाल का मंडराने लगा खतरा, किसानों में बढ़ने लगी चिंता

## वर्षा होने पर की बोआई, अब सूखा, खर्रा बोनी के बीज खराब होने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में अल्प वर्षा के चलते अब अकाल का खतरा मंडराने लगा है और बुवाई भी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। किसानों की चिंता भी बढ़ रही है एवं खेतों में नमी नहीं होने से धान बीज का अंकुरण भी नहीं हो पाया है। जिले के कुछ हिस्सों में कम बारिश होने के चलते सूखे के हालात निर्मित हो गए हैं। नदी, नाले और नहरों में भी पानी नहीं होने से सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते आषाढ़ में ही अकाल का खतरा मंडराने लगा है। छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन में बादलों की बेरुखी से मानसून ब्रेक जैसी स्थिति ने किसानों के होश उड़ा दिए है। जिले के एक बड़े हिस्से में सूखे के हालात बन रहे हैं। बारिश शुरू होने के बाद से किसान बोनी के कार्य में जुट गए थे, लेकिन आषाढ़ के महीने में भी अपेक्षा के मुताबिक बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। ज्यादातर इलाकों में अल्प व खंड वर्षा के चलते खेती-किसानी का काम लगभग ठप है, वहीं धान की खुर्रा बोनी के बीज भी खराब होने लगे हैं। जिन किसानों ने खुद के साधन से रोपाई का कार्य शुरू किया था, वह भी अब धीमा पड़ गया है, क्योंकि जलस्तर के नहीं बढ़ने से बोर भी जबाव देने लगे हैं। कृषक ने बताया कि किसानों के खेतों में खुर्रा बोनी कर डाले गए बीज में पानी के अभाव में अंकुरण नहीं आया, तो कहीं-कहीं अंकुरण आने के बाद गर्मी में सूखकर खराब हो रहे हैं। अभी तक जिले में औसत से 36 फीसदी कम बारिश ही हो पाई है, सबसे कम बारिश दुर्गूकोंदल तहसील में हुई है।



### जिले में अकाल की स्थिति नहीं

कृषि उप संचालक ने बताया कि धान की खुर्रा बोनी तकरीबन पूरा हो चुका है। नर्सरी भी तैयार हो रहा है। बारिश के कारण जिले में कहीं भी अकाल की स्थिति नहीं है। दरअसल खोता प्रवृति के शुरूआत में फसल को ज्यादा पानी की आवश्यता नहीं होती। बीच-बीच में बारिश होने से खेतों में नमी रहना ही फसल के पर्याप्त साबित होता है। दलहन-तिलहन की बोआई जरूर पिछड़ी हुई है। इसका कारण यह है कि वन्य क्षेत्रों में अगस्त में इसकी बोआई शुरू होती है।

## मवेशियों को लावारिस छोड़ने पर मालिकों के खिलाफ आज तक दर्ज नहीं हो पाई एफआईआर

# कांग्रेस का रोका छेका अभियान पांच साल रहा फेल, भाजपा ने अभी तक साधा मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांग्रेस सरकार ने नरूवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के अलावा रोका छेका अभियान चलाया, यह दोनो योजनाएं पाँच साल चली, परंतु ऐसी छाप नहीं छोड़ पाई, जिससे यह योजनाएं आज भी जिंदा रहती। रोका छेका अभियान तो पांच साल में पूरी तरह से फेल रहा, पाँच साल में एक भी मवेशी मालिक पर एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी। भाजपा सरकार को बने आठ माह हो गए, परंतु इस मुद्दे पर मौन साधे हुए है।

कांग्रेस की सरकार प्रत्येक वर्ष रोका छेका अभियान चलाती थी और इसके तहत कुछ दिन कार्यवाही होती है, उसके बाद जस का तस हाल हो जाता है। सरकार का आदेश था कि आवारा पशुओं को बाजार अथवा सार्वजनिक गली, स्थानों व सड़को पर घूमते नजर आने पर तुरंत पकड़कर गौठान के सपुर्द करें। पशुपालक अपने पशुओं को सड़कों पर न छोड़े, ऐसे में पशु पालकों को समझाईश भी देंने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद भी जानवर सड़कों पर दिखे तो संबंधित पशु पालकों से जुर्माना वसूली की कार्यवाही करें। सरकार प्रतिवर्ष पशुपालकों से अपील करती है कि वे अपने पशुओं को बाजार, सार्वजनिक जगह, गली एवं सड़को में इधर उधर न घूमने दे, इसके बावजूद भी जानवर सड़को पर नजर आते रहते है। सरकार ने यह भी आदेश जारी किया था, जिसके अनुसार मवेशी मालिक मवेशी को लावारिश छोड़ते है तो मवेशी मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। ऐसा आदेश होने के बाद कांग्रेस काल में न तो मवेशी मालिक पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है और न ही सड़को पर घूमने वाले जानवर को रोक पाएं। कांग्रेस सरकार इस विषय पर पाँच साल सबसे ज्यादा असफल रही। भाजपा ने इस मामले में अभी तक मौन साध रखा है, जबकि यह सबसे बड़ी समस्या प्रदेश के लिए बनी हुई है।



■ मवेशी मालिकों पर कड़ाई किए जाने पर ही आएगा सुधारा

### कांग्रेस की योजना रही फेल, भाजपा ने साधा मौन

राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में रोका छेका अभियान के निर्देश कांग्रेस के कार्यकाल में दिए गए थे, जिसके तहत सड़क व गाँव में फसल को बर्बाद करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौठान के हवाले किया जाना था और मवेशी मालिक पर एफआईआर दर्ज किया जाना था, परंतु एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई। कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल में यह अभियान पूरी तरह से फेल साबित हुआ।

### चौक चौराहों पर नजर आते हैं मवेशी

कांकेर जिला मुख्यालय में चौक चौराहों पर मवेशी नजर आते है, सबसे ज्यादा डीआईजी आफिस के पास, दूध नदी पुल, बरदेभाटा तिराहा, अन्नपूर्णापारा, पंडरीपानी रोड, ईमली मोड के आगे ऐसी कई जगह है, जहाँ पर मवेशी अंधेरा होते ही शाम को पहुँच जाते है, कई स्थानों पर दिन में ही मवेशी सड़को पर बैठे रहते है। सामान्यतया इन मवेशियों को हटाने की कार्यवाही नगरपालिका करता है, परंतु नगरपालिका के पास भी टीम नहीं होने के कारण इस ओर कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

# दो युवकों में हाथपाई कड़े से हमले में सिर फटा काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



कांकेर थानांतर्गत शहर के महादेव वार्ड में मामूली बात को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए। घटना के बाद दोनो कांकेर थाना पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो पक्ष की बात सुनकर काउंटर केस दर्ज कर लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे महादेव वार्ड निवासी 33 वर्षीय विक्की सारथी पिता प्रेम लाल सारथी ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई की रात में महादेव वार्ड के पान ठेला से सिगरेट पीकर वापस अपने घर जा रहा था। रात करीबन 11 बजे मस्जिद चौक के पास पहुंचा, जहां पर आरोपी अनमोल सारथी मिला, जिसे मैने पूछा कि राजा के साथ क्यो मारपीट किया है, तब अनमोल सारथी ने कहा कि तूम पूछने वाले होते कौन हो कहकर आवेश में आकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए अपने हाथ मे पहने चूड़ा से मारा, जिससे मेरे सिर में चोट आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे महादेव वार्ड निवासी 19 वर्षीय अनमोल सारथी पिता ईश्वर सारथी ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को मै रात का खाना खाकर टहलने के लिए महादेव वार्ड की ओर गया था और रात करीबन 11 बजें आरोपी विक्की सारथी शराब के नशे मे आया और बेवजह तुम दूसरो के साथ मारपीट करते हो कहकर वाद विवाद करने लगा। तब मै बोला कि किसके साथ मारपीट किया हूं, आप मुझे बेवजह बोल रहे हो बोलने पर विक्की सारथी आवेश मे आकर मेरा कालर पकड़कर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी द्वारा मारपीट करने से गर्दन एवं सीना मे चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# चारामा के बाद मुसुरपुट्टा में बाइक की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा ईलाके में मोटर सायकल चोरी होने के बाद मुसुरपुट्टा में भी सड़क किनारे खड़ी मोटर सायकल को अज्ञात चोर ले उड़ा। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

चौकी थानाक्षेत्र के मुसुरपुट्टटा निवासी 45 वर्षीय रोहित कुमार सेन पिता भारत राम सेन ने दुधावा चौकी में पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं। मै 12 जुलाई को दोपहर करीबन 3 बजे अपनी मोटर सायकल से खेत के लिए निकला था। मोटर सायकल क्रमांक 05 एजे 4725 को मुसुरपुट्टा से छापरपारा जाने वाली रोड किनारे खड़ा कर अपने खेत तरफ चला गया और खेत से वापिस शाम करीबन 5 बजे आया तो रोड किनारे खड़ा किया हुआ मेरी मोटर सायकल वहां पर नहीं था। मैने मोटर सायकल के बारे में गांव वालों को बताया और आसपास पतासाजी किया। मोटर सायकल का पता नहीं चलने पर दुधावा चौकी में लिखित में शिकायत किया। मेरी मोटर सायकल काले रंग की है और इंजन नंबर की जानकारी पुलिस को दिया। मोटर सायकल पुराना होने के चलते आज की हालत में उसकी कीमत कम से कम 35 हजार रूपएं होगी। मेरी मोटर सायकल को अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है।



दुधावा चौकी में बिना नंबरी अपराध क्रमांक 00/2024 नंबरी वास्ते दर्ज कर थाना नरहरपुर में भेजा और नरहरपुर थाना में असल नंबरी अपराध 105/2024 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर जाँच में लिया गया।

# एड्स जागरूकता कार्यशाला के बाद विधायक ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम मावलीपारा नरहरपुर के शासकीय हाईस्कूल में शाला त्यागी युवाओं के लिए एचआईवी एड्स पर जागरूकता संवेदीकरण एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था। नेहरू युवा केंद्र और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में 16 वर्ष से 30 वर्ष के युवा-युवतियो लिए रखा गया था।

आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर इशरत बेगम युवाओं को प्रशिक्षण देते हुए एचआईवी एड्स विषय पर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देकर युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में विशेष तौर पर एचआईवी एड्स मनुष्य के शरीर में किस प्रकार प्रभाव डालता है, एचआईवी एड्स के लक्षण, इसके फैलने के कारण तथा रोकथाम एवं उपाय संबंधित जानकारियां बताई गई। साथ ही यह जानकारी अपने गांव के युवा साथियों के साथ साझा करने तथा ग्राम के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के जिला अधिकारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम कड़ी में एक पेड़ मां नाम पर अपने घरों में पौधारोपण के लिए उपस्थित प्रतिभागियों को एक-एक पौधा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक आशाराम नेताम द्वारा पौधारोपण किया गया और विधायक द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं और उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया।



# रतेसरा के छात्रों ने जन्मभूमि के नाम पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान कर रहा है। इसी तर्ज पर ग्राम रतेसरा के स्कूली बच्चे, ग्रामीण युवावर्ग और शिक्षकों ने हर पौधा अपने जन्मभूमि के नाम अभियान चलाकर एक नई पहल की शुरूआत कर रहे है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष जितने संख्या में हो अपने गांव के सरकारी भूमि, तालाब किनारे, अपने घर के आसपास और खेत किनारे पेड़ लगाने का संकल्प लिया है।

रतेसरा विद्यालय के इको क्लब प्रभारी शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान को गांव के माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रतिवर्ष मनरेगा योजना के अंतर्गत हर गांव में नया डबरी-तालाब, भूमि समतलीकरण कार्य पूर्ण किया जाता है, जहां कई पेड़ो को कांट दिया जाता है, जिसकी पूर्ति के लिए एक पेड़ के बदले, दस पेड़ लगाने का परंपरा शुरु किया गया है। प्रत्येक घर से यथासंभव एक पौधा दान करने प्रेरित किया, जिससे उस पौधे के प्रति अपनापन भाव रहेगा। गांव के तालाब किनारे 84 आम, जामुन, नीम, बरगद, पीपल और करंजी का पौधा रोपण किया गया, जिसके सरंक्षण की जिम्मेदारी ग्राम के शिक्षकों, युवाओं, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुखों और मितानिन दीदियों द्वारा लिया गया। इसके साथ ही बैगलेस डे सुरक्षित शनिवार गतिविधि के अंतर्गत बाढ़ और उससे बचने के सुरक्षित उपाय बताया गया।



## नहीं हो रही नियमित कार्रवाई से व्यापारी निरंकुश

# तेल की खुली बिक्री पर लगे प्रतिबंध को ठेंगा, कार्रवाई खानापूर्ति मात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अंचल में कही भी खुले में खाद्य तेल बेचने पर शासन प्रशासन ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह नियम किराना दुकान और एक्सपेलर यूनिटों पर समान रूप से लागू किया गया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेश के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है, इसके बाद शहर सहित ग्रामीण अंचल में खुले में तेल बेचा जा रहा है, पर इनके खिलाफ नियमित कार्यवाही नहीं हो रही है।

■ तेल के टिन को तोड़कर खुले में तेल बेचने पर है प्रतिबंध

खाद्य तेलो में बढ़ रहीं मिलावट की शिकायत और जांच में प्रमाणिक होना पाया जाना पाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण इसके पहले ही एक बार के उपयोग के बाद दूसरे उपयोग पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसके बाद प्राधिकरण ने इससे आगे बढ़ते हुए खुले में बेचे जा रहे खाद्य तेलो की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया था, पर सही तरीके से कार्यवाही नजर नहीं आ रही है। शहर सहित ग्रामीण अंचल में थोक व्यापारियों से छोटे व्यापारियों द्वारा बड़ा टीना वाला तेल खरीदकर खुले में बेचा जा रहा है, जिन पर रोक नहीं लग पाया है। त्यौहार के सीजन में खाद्य तेलों की बिक्री आम दिनों की तुलना में लगभग दोगुनी हो जाती है। ऐसे में कम कीमत वाले खाद्य तेल बाजार में खूब बिकते हैं। यह तेल छोटी छोटी इकाइयां आया एक्सपेलर यूनिटो द्वारा सप्लाई होती है। इसके अलावा खुले में बेची जाने वाली यह सामग्री पहचान में भी दिक्कत पैदा करती हैं, सबसे बड़ी हानि गुणवता को पहुंचती हैं। सभी खाद्य तेल के रंग एक समान रहते हैं, इसलिए आसानी से उसमें कोई भी सस्ता खाद्य तेल आसानी से मिलाया जा सकता हैं। इसके अलावा नाप जो उपकरण इस काम में उपयोग किया जाता हैं, वह एक ही होता हैं। इसके अलावा बेचा जा रहा खाद्य तेल कितना पुराना हैं या विक्रय के योग्य हैं या नहीं इसकी पहचान कठिन हैं। इसलिए प्राधिकरण द्वारा प्रभाव से खुले में खाद्य तेल की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया हैं।



### शिकायत पर की जाती है कार्रवाई

कार्यवाही करने वाले चिभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का यही हाल रहता है कि जब भी शिकायत आती है, तभी कार्यवाही की जाती है। नियमित जाँच का कोई सिस्टम नहीं है। आमजन की माँग है कि इसकी नियमित जांच होने से मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा जा सकता है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969





## खबर संक्षेप



### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 810 परीक्षार्थी

**कोण्डागांव।** परीक्षा मंडल द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कोंडागांव जिले में परीक्षा के आयोजन के लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें कुल 810 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 151, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में 210, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में 156, स्वामी आत्मानंद विद्यालय तहसीलपारा में 156, स्वामी आत्मानंद विद्यालय महात्मा गांधी में 80 और चावड़ा हायर सेकेण्डरी स्कूल में 57 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### बुनागांव की सुप्रिया का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में

**कोण्डागांव।** कोंडागांव अंतर्गत ग्रामीण अंचल में स्थित जनपद प्राथमिक शाला बुनागाँव की होनहार छात्र सुप्रिया कौशिक का चयन देश की सर्वोच्च केंद्रीय शिक्षण संस्था जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं में हुआ है। शाला के शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि छात्र शुरू से ही पढाई के साथ – साथ खेलकूद और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहती है। स्कूल, संकुल, ब्लाक और जिला स्तरीय विज्ञान–गणित मेला प्रदशनी में प्रतिनिधित्व करते हुए सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर शाला का नाम रौशन किया है।उनके पिता रविन्द्र कौशिक एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार से हैं, बेटी के सर्वोच्च केंद्रीय शिक्षण संस्था में चयन होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। छात्र की इस उपलब्धि पर संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शिक्षिका रोशनी साहू, शकुंतला यादव, प्रदीप नाग, रूपेश कल्लो, माता–पिता और स्कूल परिवार के द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।



### भखारा कॉलेज परिसर में लगाए 31 फलदार पौधे



**कोर्रा (भखारा)।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के निर्देशन एवं जानेन्द्र बंजारे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के सम्मान में माताओं के साथ मिलकर पेड़ लगाना है। रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा 31 फलदार पौधे महाविद्यालय परिसर में लगाए गए। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों के इस कार्य की प्रशंसा की है।

### करेली बड़ी में 18 को पशु पक्षी मेला उत्सव प्रदर्शनी

**मगरलोड।** पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु-पक्षी मेला उत्सव प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन 18 जुलाई गुरुवार को ग्राम करेलीबड़ी में सुबह 9 बजे से किया गया है। यह कार्यक्रम हाट बाजार स्थल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर विधायक कुरुद होंगे। अध्यक्षता श्याम साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष मगरलोड करेंगे। विशिष्ट अतिथि होरीलाल साहू भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष, संतोष सोनी भाजपा मेघा मंडल महामंत्र, डोमार सिंह साहू सरपंच करेलीबड़ी होंगे। जिलास्तरीय पशु पक्षी मेला उत्सव में पशुधन आधारित एकिकृत कृषि प्रणाली, हरा चारा उत्पादन, संरक्षण एवं उपचार विधि, पशु धन स्वास्थ्य और उपचार पर प्रदर्शनी लगेगी। प्रदर्शन सह प्रतियोगिता में पशुपालक अपने पशु, पक्षी को लेकर मेला स्थल में ला सकते हैं जिसका मूल्यांकन कर प्रथम, द्वितीय आने वाले को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# दो इंजन की बन गई सरकार, अब तीसरे व चौथे इंजन की भी है बनानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

नवीन बस स्टैंड केशकाल में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय मतदाता आभार सम्मेलन का आयोजन रखा गया था। विधानसभा क्षेत्र केशकाल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मतदाता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दो इंजन की सरकार बन चुकी है अब तीसरे और चौथे इंजन की सरकार भी बनानी है। उन्होंने अभी से कार्यकर्ताओं को सक्रिय हो जाने की सलाह दी।

सांसद भोजराज नाग लोकसभा कांकेर ने लोकसभा चुनाव में विजयी बनाने के लिए मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। शासन की योजनाएं को अंतिम स्तर तक पहुंचाने के लिए आगामी आने वाले ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एवं जिला पंचायत के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने को ऐतिहासिक बताया जवाहरलाल नेहरू के बाद देश में दूसरे ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो तीसरी बार देश की कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में 18 लाख हितग्राहियों को इंदिरा आवास योजना का लाभ भारतीय जनता पार्टी की सरकार नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए जाने की बात कही। केशकाल विधानसभा क्षेत्र से आए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के कोंडागांव जिला अध्यक्ष दीपक अरोड़ा ने भी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

**भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय मतदाता आभार सम्मेलन**





**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र नेताम पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह बदेशा, जिला महामंत्री तरुनसाना, आकाश मेहता विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

**आयोजन :** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे सांसद और विधायक

# मुख्यमंत्री की पहल पर मिल रहा समस्याओं के त्वरित समाधान का लोगों को लाभ : सांसद नाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव/ धनौरा

आम जनता की समस्याओं का समाधान करने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए केशकाल विकासखंड के ग्राम धनोरा में शनिवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए।

- शिविर के माध्यम से लोगों तक पहुंच रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

आयोजित शिविर में सुगमता के लिए विभाग वार स्टाल लगाए गए थे, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार के परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही विभागों द्वारा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताते हुए उन योजनाओं का लाभ कैसे ले सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर के दौरान सांसद भोजराज नाग ने केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना की और बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार इस जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान उनके अपने ही क्षेत्र में होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के विजन को दोहराते हुए कहा कि आम जनता तक पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जो व्यक्ति योजनाओं के लिए पात्र हैं, उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती महेश्वरी कोर्राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम, जनपद पंचायत सदस्य रोहित नाग, सनतेर कोरचा, धनोरा सरपंच रमिला उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दंडाधिकारी अंकित चौहान, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





**कुपोषण दर शून्य करने का लक्ष्य**



विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया कि सरकार के छह महीने के कार्यकाल में विभिन्न प्रयासों से जनता से जुड़ने की कोशिश की गई है ताकि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुँचे। कुपोषण की बात करते हुए उन्होंने कहा कुपोषण दर 39 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गई है और भविष्य में इसे शून्य करने का लक्ष्य है। केशकाल के पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने कहा कि यह शिविर केशकाल क्षेत्र का पहला शिविर है और यह वर्तमान सरकार के प्रयास से संभव हुआ है जहाँ प्रशासन लोगों के पास आकर उनके समस्याओं को हल कर रही है।

**आवेदनों का त्वरित हो निराकरण: कलेक्टर**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आज जिले में तीसरा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अंतिम व्यक्ति तक शासन प्रशासन की योजनाओं को पहुँचाने के लिए संपूर्णता अभियान की शुरुआत हो चुकी है। शिविर में जो आवेदन आये हैं उसका त्वरित निराकरण किया जाएगा।

**योजनाओं के तहत सामग्री का किया गया वितरण**

शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री का वितरण किया गया। फड़ मुंशी बीमा योजना के तहत ओमबत्ती यादव और राजो बाई नाग को एक–एक लाख रुपये की चेक राशि प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को बैसाखी और व्हीलचेयर ट्रायसायकल का वितरण किया गया। आदिवासी विकास शाखा द्वारा वन अधिकार पत्र बांटे गए। शिविर में कुल 286 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 149 का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गये हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर में 57 लोगों ने लाभ उठाया जिनमें बुखार, दर्द, सर्दी, ब्लड प्रेशर, शुगर, दांत दर्द, कमजोरी, एवं दस्त आदि के मरीज शामिल हैं।

## शिक्षा के साथ विधा भारती के पांच आधारभूत पाठ्यक्रम की दे रहे सीख



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शिशु मंदिर बड़े कनेरा कोंडागांव में शिक्षा के साथ–साथ भैया बहनों को सिखाया जाता है। विधा भारती के पांच आधारभूत पाठ्यक्रम जिसमें से शारीरिक शिक्षा, संगीत शिक्षा योग शिक्षा,संस्कृत शिक्षा एवं नैतिक आध्यात्मिक शिक्षा शामिल है, दी जारी है।

- शिशु मंदिर बडेकनेरा में दिया जा रहा कराते का प्रशिक्षण

जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि भैया–बहनों को स्वयं के आत्मरक्षा के लिए निः युद्ध कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चे बिना अस्त्र शस्त्र के अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम कराया जाता है। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए भैया–बहनों को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा भी प्रदान किया जाता है। सबसे प्राचीन देव नागरी भाषा भी सिखाया जाता है। भैया– बहनों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय भाव जागृत करने के लिए देश भक्ति की संगीत शिक्षा प्रदान किया जाता है। भैया–बहनों को सिखाने के लिए शिक्षक है, कराटे निरूयुद्ध के शिक्षक शंकर लाल पाण्डे, लेश्वर कोर्राम,तिजबती कोर्राम, संगीत शिक्षक उमेश कुमार यादव, गौरी पटेल,अमृता नेताम, योग शिक्षक मंजू मरकाम, जगबती कश्यप, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षक विष्णु दीवान, जमुना कोर्राम, शकुंतला कश्यप, संस्कृत शिक्षक शंकर लाल पाण्डे जगबती कश्यप एवं जमुना कोर्राम हैं।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल माकड़ी में हुआ स्कूल पार्लियामनेट इलेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

स्वामी आत्मानंद स्कूल माकड़ी में शनिवार को स्कूल पार्लियामनेट इलेक्शन के अंतर्गत ऑनलाइन इलेक्शन आयोजित किया गया। ऑनलाइन वोटिंग ईवीएम का निर्माण स्कूल के कंप्यूटर शिक्षक जुबेर खान ने किया।। प्राचार्या श्रीमती इंदुमती सिन्हा एवं उपप्राचार्य आदिल खान ने बताया कि सभी वर्गों के बच्चे जैसे प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई हायर ने बहुत उत्साह और रुचि के साथ अपना वोट दिया। ऑनलाइन ईवीएम में सभी कैंडिडेट जैसे स्कूल प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट, डिसिप्लिन मिनिस्टर, स्पोर्ट्स मिनिस्टर, कल्चरल मिनिस्टर आदि अन्य पदों के लिए चुनाव कराया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चो ने भाग लिया। बाकी बच्चों ने स्वयं फोटो की पहचान करके वोट डाला। इस तरीके से वोट देना उनके लिए बहुत नया है। इससे इन बच्चों को आगे भविष्य में और वोट करने का उत्साह बढ़ेगा।



## बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने में जुटे शिक्षक और समुदाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बच्चो में कुपोषण को दूर करने के लिए और उनको स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के लिए शासन की विशेष पहल जो धरातल पर दिख रहा है। इसी कड़ी में संकुल समन्वयक नयापारा माकड़ी विकासखंड अमित वर्मा ने अपनी पुत्री नैंसी वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक शाला भिरंडा के बच्चो को न्योता भोज कराया। न्यौता भोज में खीर, पूड़ी, लड्डू, केला, मिक्चर खिलाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला भिरंडा के प्रधान अध्यापिका श्रीमति सीमा शांडिल्य और शिक्षक सुरेश शोरी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव की मातृशक्ति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव की मातृशक्ति का कार्यकाल 13 जुलाई को पूर्ण होने पर पुनः मातृशक्ति के पदाधिकारियों का मनोनयन सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सुरज यादव के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से जिला इकाई कोंडागाँव की मातृशक्ति पदाधिकारियों के लिए श्रीमती चंदनी कोर्राम को अध्यक्ष, श्रीमती सपना नंदी को उपाध्यक्ष, श्रीमती शकुंतला कुँवर को सचिव और श्रीमती आकांक्षा तिवारी को सहसचिव का दायित्व दिया गया। पदाधिकारियों को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का राष्ट्रीय कैप पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई। कोंडागाँव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के परिचय, उद्देश्य एवं इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने संगठन की नियमावली के साथ विविध जानकारी दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सुरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक अध्यक्ष बप्पा नंदी, फरसगाँव ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, पूर्व सैनिक परदेशी राम साहू, श्रीमती ममता साहा, श्रीमती ऐनु साहू और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

**भानपुरी, करपावण्ड, बस्तर व बकावण्ड थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगाया चलित थाना**

# थानों से निकलकर जनता के बीच पहुंच पुलिस सुन रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जनता व पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने थानों से निकलकर पुलिस लोगों के बीच पहुंच उनकी समस्या सुनकर मौके पर ही निराकरण कर रही है। लोगों को तीन नए आपराधिक कानून की जानकारी के साथ ही सायबर अपराध व विवादों से कैसे बचा जाए बताया जा रहा है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में जनता व पुलिस के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने लगातार चलित थानों का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि समाज में अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए जनता एवं पुलिस के मध्य बेहतर संवाद का होना अति आवश्यक है। पुलिस का मानवीय पक्ष जनता के सामने आने से जनता की शिकायतें निर्बाध ढंग से पुलिस को मिलती हैं जिससे शिकायतों के निराकरण में तेजी आती है। एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि समाज में शांतिपूर्ण वातावरण बनाने, अपराधों के नियंत्रण एवं अपराधों की खोज में भी जनता का अमूल्य सहयोग प्राप्त करने के लिए पुलिस को थानों से बाहर निकलकर आम जनता के साथ बैठकर बातचीत करना जनता एवं पुलिस के बीच विश्वास को बढ़ाता है। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर शुक्रवार व शनिवार को पुलिस अनुविभाग भानपुरी के थाना भानपुरी के सालेमेटा, बस्तर थाना के कुड़कानार, करपावंड के छिंदगांव व बकावंड थाना क्षेत्र के नलपावंड चलित थानों का आयोजन किया गया था।



**ये रहे उपस्थित :** चलित थानों के दौरान एसडीओपी के अलावा थाना प्रभारी बस्तर विकेश तिवारी, थाना प्रभारी भानपुरी राकेश राठौर, थाना प्रभारी बकावंड छत्रपाल कंवर व करपावंड थाना से सब इंस्पेक्टर निषाद व थानों का स्टाफ मौजूद था।

**भूमि संबंधी विवाद व ठगी से बचने के बताए गए उपाय**

एसडीओपी भानपुरी घनश्याम कामड़े ने बताया कि इन चलित थानों में तीन नए आपराधिक कानून की जानकारी देते हुए भूमि संबंधी विवाद, मोटर वाहनों का उपयोग, मोबाइल फोन का उपयोग, गुम इंसान की सूचना, नशा मुक्ति आंदोलन, चोरी और ठगी से बचने के उपाय, सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान मौजूद लोगों से सुझाव भी लिया गया। चलित थानों में कुछ जमीन विवाद संबंधी शिकायतें भी मिली जिनके संबंध में मौके पर ही समझाईश देकर निराकरण किया गया। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इसमें अपनी सहभागिता दें।

## केसीसी की राशि नहीं मिली किसान परेशान

**दुर्गूकोंदल।** लैंपस दुर्गूकोंदल अंतर्गत कोंडे क्षेत्र के किसानों की केसीसी राशि डेढ़ महिने बाद भी खाते में जमा नहीं हो रही है। इस कारण कोंडे क्षेत्र के किसान परेशान हैं। किसान नरेंद्र जाड़े, प्यारीबाई कुमोटी, पांडू हुर्रा, अन्नू आंचला ने बताया कि डेढ़ महिने पहले केसीसी के माध्यम से श्रण लिए हैं, लेकिन आज तक राशि खाते में जमा नहीं हुई है। प्रतिदिन 25 किमी. सफर तय कर खाता को चेक कराने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्गूकोंदल आते हैं, फिर भी बैंक प्रबंधन दुर्गूकोंदल खाते में राशि जमा नहीं कर रही है, जिससे हम परेशान हैं। राशि के अभाव में मक्का और रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने शासन प्रशासन और बैंक प्रबंधन से मांग किया है कि तत्काल खाते में राशि ट्रांसफर कराई जाए।

## दिनभर हुआ मतदान, देर शाम से चली मतगणना



**जगदलपुर।** शहर के महारानी वार्ड के बंगीय समाज मंडप में त्रिवर्षीय चुनाव के लिए मतदान हुआ। सुबह से लेकर शाम 4 बजे तक मतदान के लिए समाज के लोग पहुंचते रहे। वहीं चुनाव मैदान में खड़े लोग समर्थन देने का निवेदन करते दिखे। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना शुरू हुई। फिर से अध्यक्ष बनने के लिए मनोरंजन राय अपनी टीम के साथ मैदान में हैं। वहीं इस बार उनके निर्विरोध और मनोनयन से पदाधिकारियों के चयन के प्रस्ताव का असर नहीं हुआ। इस बार जय नंद ने उन्हें चुनाव के द्वारा पदाधिकारियों का चयन करने चुनौती दी। इसलिए आज रविवार को चुनाव कराया गया। इस दौरान महिलाओं में भी मतदान के लिए काफी उत्साह दिखाई पड़ा। मतगणना पूरी होने के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा करने की बात चुनाव अधिकारी ने कही। किसी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए सुरक्षा के लिए पुलिस जवान तैनात रहे।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम, जिला कार्यालय परिसर में रोपे पौधे



**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम योजनांतर्गत फलदार पौधो का रोपण किया। पौधरोपण के साथ ही उनके देखभाल का भी संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम योजना का शुभारंभ किया गया है। जिसके परिपालन में जिला स्तर पर वृहद रूप से वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाई गई है। शासकीय संस्थानों सहित स्वयं के निजी स्थानों में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण की जा रही है। कलेक्टर परिसर में आम, चीकू एवं काजू के पौधे उद्यानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

### बनाई बाल कैबिनेट, प्रधानमंत्री और मंत्री बन ली शपथ



**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अलनार में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानाचार्य अजय कोर्राम के मार्गदर्शन में शिक्षक श्रीकांत कश्यप और शिक्षिका एम पुष्पा जैन की उपस्थिति में बाल कैबिनेट का गठन कर शपथ ग्रहण किया गया। इसमें बच्चों में से प्रधानमंत्री और कैबिनेट की तरह ही अलग-अलग विभाग के मंत्री बनाए गए और शपथ दिलाई गई। प्राधानाचार्य ने बताया कि बाल कैबिनेट के गठन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता के साथ आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। एक-दूसरे से सीखने के साथ लर्निंग आउटकम के विकास में इसकी भूमिका सशक्त होती है। बाल संसद के माध्यम से बच्चे निर्वाचन प्रणाली से अवगत होते है। इसके साथ ही संसद की गतिविधियों से भी स्थानीय स्तर पर अवगत होते हैं। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं में नरेश देवांगन, चुलेश्वर, अजीत कुशवाहा, संजय कुमार मंडावी, हर्ष शशांक शेंडे, राहुल कुमार पांडेय, स्पंदन पाराशर, ज्योति कुजूर, स्मृति कुजूर, पूजा रंगारी सहित स्टाफ व अन्य उपस्थित रहे।

### कृषकों के भूमि में लगाए जाएंगे अर्जुना के पौधे

**दंतेवाड़ा।** रेशम कीट पालन में अर्जुना पौधे अनुकूल होते है, इस देखते हुए वन अधिकार पट्टा धारी कृषकों को कोसा उत्पादन के क्षेत्र में प्रोत्साहन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिले के एफआरए क्लस्टर ग्रामों में अर्जुना के पौधे लगाये जा रहे है। इस क्रम में ग्राम पंचायत जावंगा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 7.5 एकड़ (3 हेक्टेयर) क्षेत्रफल में कुल 12300 अर्जुना के पौधे लगाए जाएंगे। इस मानसून पौधरोपण पश्चात चौथे वर्ष से ही इन पौधों पर रेशम कीट पालन कार्य किया जा सकेगा। इसके अलावा भूमि पर पौधों के मध्य की भूमि के उपयोग हेतु अंतर फसल कार्य भी किया जा रहा है, जिसमें हल्दी के कंद मुख्य रूप से लगाए जा रहे हैं।

पालिका के पास कांजी हाउस तक नहीं

# सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्ज़ा, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला मुख्यालय की सड़कों पर आजकल आवारा मवेशियों की संख्या में काफ़ी इजाफा देखने को मिल रहा है। यही मवेशी आजकल दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बने हुए है। अक्सर बरसात का मौसम आते ही सूखे जगह की तलाश में मवेशी रहते है। सड़कों में सूखे जगह होने से मवेशी बीच रोड पर ही अपना डेरा जमाकर बैठ जाते है। आवारा मवेशी सड़कों पर अपना कब्ज़ा जमाते इन दिनों एनएच 63 पर देखें जा सकते है। इन मवेशीयों के सड़क पर आने से हादसे की आशंका बढ़ गई है।

### रात्रि में मवेशियों को बचाने के फेर में हो रहे हादसे

जिला मुख्यालय में रात को कलेक्टर कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय के सामने, बस स्टैंड, हॉस्पिटल चौक के सामने आवारा मवेशी सैकड़ो की संख्या में झुंड बनाकर बीच सड़क पर बैठते है। इन मवेशियों को देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है जैसे की ये जिला प्रशासन से गुहार लगा रहे हो की उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाये जिससे की उनकी और राहगीरों की जान बच जाये। लेकिन जिला प्रशासन के जिन जिम्मेदारों के ऊपर मवेशियों और इंसानों की जान बचाने का जिम्मा है वो लगातार इस मामले में बेपरवाह नजर आ रहे है और किसी बड़ी घटना के होने का इंतजार कर रहे है।

### मवेशी पालकों पर जुर्माना लगाएगा नपा

वहीं नपा प्रशासन द्वारा सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस लाने पर इनके मालिक पर जुर्माना व जानवरों की नीलामी का प्रावधान भी है। नपा कांजी हाउस में रखे जाने वाले बड़े जानवरों पर 50 रूपये जुर्माना व 30 रूपये जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा निर्धारित 15 दिनों तक मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को नहीं छुड़ाने पर जानवरों की नीलामी का प्रावधान है। लेकिन पालिका के पास कांजी हॉउस नहीं है। इस संबध में नगरपालिका सीएमओ पाल ने बताया की हम इसकी मुनादी करवायेंगे। वहीं जिन मालिकों के मवेशी है उन पर भी जुर्माना लगाने की कार्यवाही करेंगे। हम मवेशियों को गौठानो में रखेंगे इसके लिए तैयारी की जा रही है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 63 से होकर गुजरती है बड़ी गाडियां

इसी राष्ट्रीय राजमार्ग 63 से होकर तेलंगाना - महाराष्ट्र राज्य की बड़ी बड़ी और विशालकाय गाड़िया गुजरती है। ऐसे में सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते है। इन्हे सड़क से भगाने और बचाने के फेर में ही बड़े हादसे हो सकते है इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## वन मंत्री और सांसद ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप और सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र महेश कश्यप ने जिला मुख्यालय स्थित आकार आवासीय संस्था सुकमा में अपने प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कर्मचारियों एवं नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान वन मंत्री कश्यप ने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें।

- अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव-खेत-खलिहानों और शहरों को हरा-भरा बनाएं

अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव-खेत-खलिहानों और शहरों को खूब हरा-भरा बनाएं। राज्य सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण अभियान के माध्यम से करीब 4 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है और राज्य के अधिकाधिक लोगों को पौधरोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस मौके पर सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र महेश कश्यप, धनीराम बारसे, हूंगाराम मरकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया।

## रेडक्रॉस, एनएसएस व वन विभाग ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ के यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस ने वन विभाग भैरमगढ़ के साथ मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में विविध प्रकार के पौधे लगाए और उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, महाविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टॉफ और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

आज का पौधारोपण आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान है।इस मौके पर अतिथि के रूप में जनपद पंचायत भैरमगढ़ के अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमती मांझी, उपाध्यक्ष जागेंद्र देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस प्रभारी डॉ. उग्रेन साहू, वायआरसी प्रभारी रामयश, वन विभाग के अधिकारियों एवं महाविद्यालय से गोकुल निषाद, धवल गुप्ता, महेश नाग, आकाश त्रिपाठी, जगमोहन सिंह, राजेश नेताम, अलीन चक्रधारी और सभी छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग की लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा। जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने की घोषणा की गई थी, जिसमें 37000 कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ का प्रावधान किया गया था। कई विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिल चुकी है। जिसमें मनरेंगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विभाग शामिल है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। इसको लेकर सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री को कई बार आवेदन सौंपा जा चुका है। बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस दौरान एनएचएम संघ बस्तर के जिलाध्यक्ष डॉ. देवकांत चतुर्वेदी, डॉ. रजत चौहान, डॉ. गौरव चौरसिया, हीरा नाग, प्रकाश जोशी, निर्मल साहू, रितेश सिंह, रीमा नंद, मनीषा सहित अन्य मौजूद थे।

- एनएचएम के संविदा कर्मचारी एवं अधिकारियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

## चित्रकोट विधायक से मिले प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष राज किशोर तिवारी एवं प्रांतीय महासचिव देशनाथ पांडे, प्रान्तीय सह सचिव चंद्र भूषण ठाकुर के नेतृत्व में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल से सौजन्य मुलाक़ात कर विगत दिनों मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने पर संघ के द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मुलाकात के दौरान उनसे 1998 के शिक्षको की पेंशन की समस्या को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उनके समक्ष बताया गया की 1952 से 1963 तक जनपदों, स्थानीय निकायों द्वारा जितने भी शिक्षकों की नियुक्ति हुई है सभी को शासन द्वारा शासकीयकरण संविलियन कर उन्हें नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पूर्ण पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। परन्तु 1998 99 एवं 2004 से पूर्व नियुक्त करीब 18000 हज़ार शिक्षकों कों उनकी नियुक्ति तिथि सें पुरानी पेंशन से वंचित किया गया है। आगे यह भी बताया गया कि यह की 1998-99 के शिक्षकों की नियुक्ति भी जनपदों, स्थानीय निकायों से नियुक्त होने पश्चात 2018 में संविलियन शासकीयकरण करने बाद उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ नियुक्ति तिथि से दिया जाना था पर नहीं दिया जा रहा है। उक्त सभी बातों से विधायक को विस्तार से अवगत करा दिया गया है। विधायक द्वारा हर तरह से समाधान करने की बात कही, हमेशा आप लोगों के साथ हूँ, आपकी समस्या का समाधान होने तक साथ देने व मुख्यमंत्री से पुन आवश्यकता होने पर अवश्य मुलाक़ात कराने की बात कही। मुलाक़ात करने वालों में मसूराम मंडावी ब्लॉक अध्यक्ष लोहड़ीगुड़ा सहित राम मामडी, रामाराम मंडावी, केशव मंडन, रेखादेवी पासवान, आसमती ठाकुर, नंदा सहगल, तिलोंतमा धरत, अमलेश ठाकुर, विषम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण कश्यप, बुधराम नाग, खगेश्वर नाग शिक्षक साथी उपस्तिथ रहे।

## बीईओ ने शालाओं का किया निरीक्षण कमियां गिनाकर सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोहण्डीगुड़ा के नवपदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा ने स्कूलों का निरीक्षण किया।

स्कूलों में जो कमियां है उसे तत्काल दूर करने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया तथा जो बच्चे स्कूल में अनुपस्थित है उनके पालकों से संपर्क कर उनकी उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्राप्त हो चुके हैं।

- समय पर शाला आएं और मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन मिले

शिक्षकों को अप्रवेसी एवं शाला त्यागी बच्चों को तत्काल प्रवेश कर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पालकों से निरंतर संपर्क रखें जिससे बच्चे शाला त्यागी ना हो सके। स्कूलों में प्रत्येक कक्षा में विषय वार, कक्षा वार विद्यार्थी सूचकांक की अनिवार्यता निश्चित की गई है जिससे निरीक्षणकर्ता द्वारा बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया जा सके।

सभी शिक्षकों को शाला समय का कड़ाई से पालन करने एवं मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार उपलब्ध कराने स्वसहायता समूह को अवगत कराया गया। किचन गार्डन बनाने तथा स्कूल के आंतरिक विद्युतीकरण को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान खंड स्त्रोत समन्वयक पीलाराम सिन्हा, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, गुण सागर जोशी, श्याम पांडे उपस्थित थे।

*विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का किया गया निराकरण*

## निवारण शिविर में ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा जिले के ग्राम मेटापाल में गुरूवार को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की उपस्थिति के साथ ही शिविर में उनके विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम ने शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित होने को भी कहा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पढ़ाई के सत्र को देखते हुए पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जरूर भेजें। ग्रामीण अपनी सभी मांगों एवं समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं। क्योंकि प्रशासन की टीम आप सभी की मांगों के निराकरण के लिए आपके गांव पहुंची है। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मध्यान्ह भोजन की थाली अब होगी पौष्टिकता से परिपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



वर्तमान में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 1ली से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए मध्यान्ह भोजन हेतु शासन से मिलने वाली राशि प्राथमिक स्तर प्रति छात्र 5.69 एवं माध्यमिक स्तर प्रति छात्र 8.17 के मान से प्रति शाला दिवस को प्रदाय किया जा रहा है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा छात्रों के मध्यान्ह भोजन को और गुणवत्ता पूर्ण, स्वास्थ्य वर्धक बनाने के लिए अतिरिक्त अनुदान राशि प्रदाय की जायेगी। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पूरक पोषण आहार प्रदाय हेतु प्राथमिक स्तर प्रति छात्र 1.81 एवं माध्यमिक स्तर प्रति छात्र 1.82 की वृद्धि डीएमएफ मद से स्वीकृति प्रदाय किया गया है। अब प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत अतिरिक्त पोषण आहार हेतु स्वीकृति राशि के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली पूरक पोषण आहार का सप्ताह में एक दिन प्रत्येक शनिवार को अंकुरित चना के साथ उबला अण्डा या खीर पूड़ी को साप्ताहिक मीनू चार्ट में सम्मिलित किया गया है। जिससे छात्रों को मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ अन्य पौष्टिक आहार प्राप्त होंगे और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में बढ़ोत्तरी होगी।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कुम्हार कालेज में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीएससी, बीए, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऐसे पंजीकृत आवेदक जिनका पूर्व मेरिट सूची में नाम आया हो, लेकिन किसी कारणवश प्रवेश लेने में वंचित रह गए हो अथवा अब तक किसी मेरिट सूची में नाम न आया हो ऐसे प्रवेश के लिए के लिए इच्छुक छात्र आज 14 जुलाई को 11 बजे से ओपन काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। रिक्त सीटों के विरुद्ध पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आरक्षणवार गुणानुक्रम विधि से प्रवेश दिया जाएगा। आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ कक्ष क्रमांक 04 में निर्धारित समय पर उपस्थिति देंगे। अपूर्ण दस्तावेज के कारण प्रवेश से अपात्र होने पर आवेदक की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

### घायल युवक की हुई अस्पताल में मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी 25 वर्षीय रविशंकर पटेल पिता बलदेव का ईलाज के दौरान 9 जून को दोपहर करीबन 1 बजें रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मौत हो गया। मृतक छत से गिरकर घायल हो गया था। अस्पताल के वार्ड बॉय द्वारा बड़गांव थाना में अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 17 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ द्वारा निःशुल्क पेट रोग चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। 17 जुलाई को नयापारा स्थित पत्रकार भवन में सुबह 11.30 बजे से 12.30 बजे तक पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार सिंह लोगों की जांच कर उपचार संबंधी परामर्श देंगे। संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल ने सभी पत्रकारों और उनके परिजनों समेत आम लोगों से भी इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### आलू, प्याज और फूलगोभी महंगा

**जगदलपुर।** रविवार को मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार सब्जी लेने पहुंचे, जिससे बाजार में रौनक दिखी। खरीददारों के अनुसार बाजार में आलू, प्याज, फूलगोभी एवं पत्तागोभी महंगा हो गया। इसके अलावा बोड़ा 200 रूपए सोली में बिक रहा है। साथ ही बाजार में टमाटर 40, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 50, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 80, आलू 50, प्याज 50, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### दिलीप ठाकुर जुझारू और लोगों के मददगार थे

**जगदलपुर।** वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर दिलीप सिंह को पत्रकारों ने पत्रकार भवन में शोक सभा में श्रद्धांजलि दी। समस्त पत्रकारों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके साथ बिताए हुए लम्हों और उनकी पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए कार्यो् को याद किया। 13 जुलाई की सुबह ठाकुर दिलीप सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था।

## सौंदर्यीकरण : मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब संवरने लगे स्कूल

# स्कूल भवनों में उकेरी जा रही पेंटिग छतों व दीवारों की हो रही मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर






क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूल अब संवरने लगे हैं। शाला भवनों का मरम्मत कार्य के साथ रंग रोगन व दीवारों पर कलात्मक ज्ञानवर्धक चित्रकारी उकेरी जा रही है। भवन बेहद ही सुंदर व आकर्षक दिखने लगे हैं।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार कार्य के अन्तर्गत भवनों में टाइल्स लगाना, दीवारों में पुट्टी के बाद रंग रोगन व कलात्मक और शिक्षण गतिविधियों से जुड़ी ड्राइंग बनाई जा रही है। स्कूल भवन के खिड़की- दरवाजे रिपेयर कराने के साथ ही अध्ययन कक्ष में पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट लगाई गई है। जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है। अब वे दीवार में लिखी गई कलात्मक पेंटिंग के जरिए भी पढ़ाई कर सकेंगे। बच्चे अपने शाला भवन को नये कलेवर मे देखकर खुश हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अधीन स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे है। लगातार वे मैदानी अमले के साथ संयुक्त बैठक लेकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आरएस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सतत निगरानी करने तथा निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को समय सीमा में कार्य पूर्णता हो यहां सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं।



### 187 स्कूलों को संवारा जा रहा

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत लगभग 187 स्कूलों को संवारने का कार्य किया जा है। जिन स्कूलों में कार्य पूरा हो गया है, वे बिल्कुल नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं। इससे अब उन स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवेश में सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्कूल भवन पहले जर्जर हालत में था, बारिश के दिनों में यहॉ के छत से पानी टपकता था। अब छत की मरम्मत होने से पूरी तरह ठीक हो गए हैं। इससे बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई करने में उनका मन भी अच्छे से लगेगा।





### अनियमितता का आरोप, जांच होगी

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए शुरू हुई 'स्कूल जतन योजना' में अनिमियतता होने का आरोप भी लग रहा है, इसकी जांच होगी। इसके तहत प्रदेश के 30 हजार स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा निर्माण, जर्जर भवनों की मरम्मत आदि के लिए 2,000 करोड़ रुपये जारी किए गए। सरकार को लगातार शिकायत मिल रही थी कि भवन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई।

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना

गौरतलब है कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों जैसे स्कूल, छात्रावास, आश्रम शालाओं में आवश्यक मरम्मत एवं अधोसंरचना के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य शाला भवनों एवं छात्रावासों की मरम्मत एवं रेनोवेशन कराया जाना है। इसके साथ ही यदि कोई भवन जर्जर एवं अनुपयोगी हो गया हो तो उसको डिमॉलिस कराने के साथ ही आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाना है।

## आर्ट ऑफ लिविंग शिविर में छात्रों ने किया योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

दिन प्रतिदन के तनाव और खिंचाव के बीच खुश रहकर जीवन का आनंद लेना ही आर्ट ऑफ लिविंग है। यह एक तकनीक है, जिसके माध्यम से तनाव और चिंताओं को दूर कर जीवन में खुशी और आनंद लाने की कला सीखी जाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगाँव के सभी स्वयंसेवकों द्वारा योगाभ्यास, प्राणायाम एवं सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया गया। इस शिविर के माध्यम से तनाव से मुक्ति, आपसी रिश्तों में मिठास एवं भरपूर निद्रा से जीवन को खुशहाल रखने के तरीके बतलाए गए। श्री श्री रविशंकर द्वारा प्रतिपादित आर्ट ऑफ लिविंग शिविर में शिक्षक गुलाब देशमुख ने कहा कि मेडिटेशन एवं योगाभ्यास से ध्यान एकाग्रचित होता है तथा सफलता जरूर प्राप्त होती है।

इस अवसर पर प्राचार्य जी आर नायक, के एल कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, सुमन ठाकुर व्याख्याता, प्रमिला कोरेटी, बरसन राम साहू, महेश साहू, रैनसिंह दर्रो , पुकेश्वर साहू, किशोर साहू, पीयूषा बंजारे, गायत्री भुआर्य, जागृति ध्रुव, लीना देवी दुग्गा, विजेंद्र बंजारे, श्यामलाल राना, कमलेश जैन, गौतम कुलदीप एवं समस्त छात्र छात्राओं द्वारा इस शुभ अवसर का लाभ उठाया गया।

## लारगांव विद्यालय में छात्रसंघ गठित,वासनी बनीं शाला नायक



**कांकेर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लारगांव मरकाटोला में शिक्षण सत्र 2024-25 छात्र संगठन का निर्वाचन का आयोजन किया गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग के कार्य, जन-जागरूकता व सुदृढ़ शासन व्यवस्था को आधार मानते हुए विद्यार्थियों में शासन-प्रशासन के प्रति मौलिक अवधारणाओं को समझने का अवसर प्रदान किया गया।

शाला नायक के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे जयेश कुमार गजबीए , राजीव शोरी व वासनी नेताम थी, जिसमें वासनी नेताम ने 112 मत लेकर शाला नायक बनी। महासचिव के लिए आठ उम्मीदवार छाया कोर्राम, शीतल कोर्राम, विजय मण्ड़ावी, सूर्यकांत जैन, अंजली नेताम, जागृति कोर्राम, सोनल साहु व आशीष सिन्हा मैदान में थे, जिसमें छाया कोर्राम ने 125 मत लेकर महासचिव बनी। छात्रा प्रतिनिधि के लिए प्रेरणा जैन, नन्दनी साहु व मीनाक्षी मरकाम तीन उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें प्रेरणा जैन 62 मत लेकर छात्रा प्रतिनिधि बनी । विद्यालय के सफल संचालन व व्यवस्थापन के लिए छात्र संगठन का प्रत्यक्ष चुनाव हुआ और अप्रत्यक्ष पद्वित से शेष पदों का निर्वाचन किया जाना प्रस्तावित है।

शाला के कला संकाय राजनीतिक विज्ञान विभाग प्रमुख पुनूराम प्रधान व्याख्याता, यतीशचन्द्र शुक्ल प्राचार्य, अशोक कुमार कोर्राम व्याख्याता ने चुनाव संचालन का कार्य मतदान केंद्र क्रमांक 1 के लिए पीठासीन अधिकारी बृजलाल साहु, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 महेंद्र सिन्हा 2 देवीसिंह कृशान 3 रंजिता नुचार्य और मतदान केंद्र क्रमांक 2 के लिए पीठासीन अधिकारी रूखमणी छाटा, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 यज्ञेश्वरी साहु 2 चम्पा नाग 3 माधुरी शर्मा के कर्तव्यों से चुनाव परिणाम तक का योगदान सफल रहा।

## एक्सटेंशन रिफार्म आत्मा योजनांतर्गत किसानों को निःशुल्क अरहर बीज का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत अरहर किस्म छत्तीसगढ़ अरहर का बीज वितरण किसानो किया गया ।

खंड तकनीकी प्रबंधक नरहरपुर रोशन निषाद द्वारा बीजोपचार विधि, जिसमें प्रति किलोग्राम बीज पर 5 ग्राम जैविक फफूंद नाशक से उपचार की विधि को बताया गया।

अरहर बीज को कतार से कतार 2 मीटर एवं पौधे से पौधे की दूरी 1 मीटर रखी गई। अरहर फसल के कतार से कतार की दूरी के मध्य में मूंगफली कतार से कतार की दूरी 60 सेंटीमीटर एवं पौधें से पौधें की दूरी 30 सेंटीमीटर पर अंत्तरवर्तीय तकनीकी विधि से बुवाई करवाया गया एवं अंतर फसल के लाभ की जानकारी, जिसमें पौधों की वृद्धि को बनाए रखने की मिट्टी की क्षमता, कीटो को नियंत्रित करने के प्राकृतिक तरीका, खरपतवार नियंत्रण, कम श्रम लागत की जानकारी दी गई।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बिरनपुर उमेंद्र सिंह नेताम द्वारा अरहर फसल की विशेषता, अरहर दाल में 20-21 प्रतिशत प्रोटीन, नाइट्रोजन स्थरीकरण, खाद एवं सिचाई अंतराल, पोड बोरर कीट की पहचान, लक्षण एवं कीट नियंत्रण के लिए एसीफेट स्टार्थीन और क्विनोल्फोस 2 मिली लीटर प्रति लीटर के दर पर छिड़काव पर विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर कृषक समारू मंडावी, रामस्वरूप मंडावी, यश कुमार मरकाम, पूजा मंडावी, कृषक मित्र बीरबल मरकाम उपस्थित रहे।

## गाली देने से माना करने पर युवक के साथ की मारपीट



■ मामला दर्ज, विवेचना प्रारंभ

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत जवाहर वार्ड में युवक के घर के सामने गाली गलौज कर रहे लोगो को गाली देने से मना करने पर आरोपियों द्वारा युवक के साथ एक राय होकर मारपीट किया गया। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 35 वर्षीय महेश सलाम पिता रमेश सलाम ने पुलिस को बताया कि ड्रायवरी का काम करता हू और 11 जुलाई को रात करीबन साड़े 8 बजे मै अपने घर में था। उसी समय मेरे मोहल्ले में रहने वाले आरोपी दौलत मंडावी, डामेंद्र मंडावी, सावित्री मंडावी एवं प्रीति मंडावी चारो एक राय होकर मेरे घर के पास आए और पुरानी बातो को लेकर गाली गलौच करने लगे। आवाज को सुनकर मै घर से बाहर निकला और गाली गलौच करने से मना किया तो आरोपियों ने गाली देने से मना करने वाला कौन होता है तु, बहुत होशियार बनता है कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। दौलत मंडावी और डामेंद्र मंडावी द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट किया गया है। घटना के बाद मै गाड़ी लेकर काम से बाहर चला गया था। परिवार मे सलाह मशवरा करने के बाद शिकायत दर्ज करा रहा हूं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## उमरादाह स्कूल में पौधारोपण कर किया सायकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत शाउमावि उमरादाह में शासन के निर्देशानुसार मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बालाराम भास्कर ने कहा पर्यावरण, संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन और विकास में वृक्षारोपण का अहम भूमिका होता है।

आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में नियमित अध्ययनरत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रकृति में वातावरण का संतुलन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी लाभदायक होता है। वही वृक्षारोपण में हालदार एवं पौधा से प्रकृति में सुंदरता आती है एवं वर्षा ऋतु में सभी को पौधारोपण करना आवश्यक हो गया है और पौधारोपण कर सुरक्षा भी करना है। शासन ने आपको सायकल दिया है सभी छात्राएं प्रतिदिन समय पर स्कूल आए। इस अवसर पर प्राचार्य आईके यादव, प्रधानपाठक तामेश्वर साहू, मानसाय जुर्री, चंद कोडोपी, लच्छन नाग, डीडी भारद्वाज, जागेश्वरी ध्रुव, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, शाला नायक हिमेश साहू, उप शाला नायक अलिषा पडोटी, शाला स्टाफ, ग्राम वासी एवं छात्र -छात्राओं की उपस्थित रहे।

## पौधारोपण कर साहू समाज ने सहेजने का लिया संकल्प



**दुधावा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के द्वारा परिक्षेत्रीय साहू सदन सालेटोला में जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू के आतिथ्यि में पौधारोपण हुआ जिसमें मौजूद लोगों ने हर वर्ष पौधारोपण करने और उसे सहेज कर रखने का संकल्प लिया।

परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के अध्यक्ष काजू राम, संरक्षक प्रदीप, सार्व साहू उपाध्यक्ष रोमलाल साहू, सचिव लोकनाथ साहू, मुनिराम साहू, राधेलाल साहू, भूपेंद्र साहू, रोशन साहू, किशोर कुमार साहू, रेखराम साहू, कैलाश साहू, सोहन साहू, आयतु राम साहू, मोहन साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, दशरू राम साहू के अलावा ग्राम विकास समिति सालेटोला के पदाधिकारी राजेन्द्र भास्कर, दयाराम भास्कर प्रभुराम मण्डावी के द्वारा पौधारोपण किया गया और बताया किया गया कि पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है, जिसके तहत लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। परिक्षेत्रीय साहू समाज अध्यक्ष ने लोगों से अपील भी किया कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी संकल्प लेकर पौधरोपण कर उसकी देखभाल अवश्य करें क्योंकि देश में जो मुहिम चल रही है एक पेड़ मा के नाम यह प्रकृति को समर्पित है और मां के प्रति सबका भावनात्मक लगाव भी रहता है, इसीलिए सभी पेड़ लगा कर उसकी देखभाल अवश्य करे।

## मेड़ों में न्योता भोज के बाद किया पौधारोपण



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय कन्या प्राथमिक शाला मेड़ों के विद्यार्थियों को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश दुग्गा ने अपने पोते वंश दुग्गा के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जन्मदिन के अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चे का मुँह मीठा कराया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दिया। शनिवार बैगलेस डे होने पर थीम वन महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए एक पेड़ मां के नाम से शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव, संकुल समंव्यक किशोर विश्वकर्मा, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक मेरसिंह कोमरा, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठिका सुमित्रा बघेल, संतलाल माहला, नंदू दुग्गा, गिरिजाशंकर सिन्हा, आकाश यदु, शेरसिंह कोड़ोपी, अनिल गायकवाड़, भूतपूर्व सरपंच रमशिला कोमरा उपस्थित रहे।

## 30 दिवसीय प्रशिक्षण में बैंक ऋण की भी दी जानकारी

# युवतियों को ब्यूटी पार्लर प्रबंधन की मिली तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविन्दपुर के द्वारा 32 युवतियों को 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। तीस दिवसीय प्रशिक्षण में युवतियों को मास्टर ट्रेनरों ने तकनीकि जानकारियां दी गई।

प्रशिक्षण में असेसमेंट टीम नेसर बैंगलौर एवं इस राज्य नियत्रंक आरसेटी रायपुर अरूण सोनी के मार्गदर्शन में ईडीपी असेसर नितेश्वरी साहू एवं डोमेन असेसर उषा गौतम के सतत निगरानी में मूल्यांकन कार्य करवाया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवतियों को संबंधित मार्केटिंग, बाजार सर्वेक्षण, समय प्रबंधन, युनिट विजिट, एवं विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक जीडब्लू तिर्की द्वारा सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा व्यापार में सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दिया, इसके पश्चात उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। समापन कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद खल्खो द्वारा सभी प्रशिक्षर्णीयो को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए सभी बैंको के ऋण योजनाओ के बारे में जानकारी दिया गया।

यह प्रशिक्षण 14 जून से 13 जुलाई तक आयोजित किया गया एवं प्रशिक्षण अंजली बजाज द्वारा दिया गया। समापन अवसर पर नितेश साहू, संजय कुमार महावीर, कार्यालय सहायक कमलेश कुमार सिन्हा व नागेन्द्र यादव एवं अटेंडर नागेश्वर पटेल, लव कुमार टांडिया आदि उपस्थित रहे।

### दिनभर हुआ मतदान, देर शाम से चली मतगणना

**जगदलपुर।** शहर के महारानी वार्ड के बंगीय समाज मंडप में त्रिवर्षीय चुनाव के लिए मतदान हुआ। सुबह से लेकर शाम 4 बजे तक मतदान के लिए समाज के लोग पहुंचते रहे। वहीं चुनाव मैदान में खड़े लोग समर्थन देने का निवेदन करते दिखे। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना शुरू हुई। फिर से अध्यक्ष बनने के लिए मनोरंजन राय अपनी टीम के साथ मैदान में हैं। वहीं इस बार उनके निर्विरोध और मनोनयन से पदाधिकारियों के चयन के प्रस्ताव का असर नहीं हुआ। इस बार जय नंद ने उन्हें चुनाव के द्वारा पदाधिकारियों का चयन करने चुनौती दी।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है